भारत सरकार
जल शक्ति मंत्रालय
पेयजल एवं स्वच्छता विभाग

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 606**
दिनांक 28.11.2024 को उत्तर दिए जाने के लिए

**राष्ट्रीय जल जीवन मिशन**

**†606. श्री आशीष दुबेः**

क्या **जल शक्ति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) विगत पांच वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान सम्पूर्ण देश में जल जीवन मिशन के अंतर्गत राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कुल कितने घरों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया गया है;
(ख) क्या देश में उक्त योजना के अंतर्गत अधिकांश परिवार लाभान्वित हो रहे हैं;
(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) जबलपुर संभाग सहित मध्य प्रदेश में उक्त योजना के अंतर्गत कुल कितने परिवार लाभान्वित हुए हैं?

**उत्तर**

राज्य मंत्री, जल शक्ति
(श्री वी. सोमण्णा)

(क) से (ग) *'सार्वभौमिक कवरेज'* के सिद्धांतों के अनुसरण में, भारत सरकार, राज्यों की भागीदारी में, प्रत्येक ग्रामीण परिवार को नल जल आपूर्ति का प्रावधान करने के लिए जल जीवन मिशन (जेजेएम) - हर घर जल का कार्यान्वयन कर रही है।

अगस्त 2019 में जल जीवन मिशन की शुरुआत में, केवल 3.23 करोड़ (16.8%) ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। अब तक, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अनुसार, 25.11.2024 तक, जल जीवन मिशन (जेजेएम)-हर घर जल के तहत लगभग 12.07 करोड़ और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 25.11.2024 तक, देश के 19.34 करोड़ ग्रामीण परिवारों में से 15.30 करोड़ (79.11%) से अधिक परिवारों के पास उनके घरों में नल जल आपूर्ति होने की सूचना है। 25.11.2024 की स्थिति के अनुसार, नल जल कनेक्शनों के राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार विवरण **अनुबंध** में दिए गए हैं।

(घ) जल जीवन मिशन की घोषणा के समय, मध्य प्रदेश में, 13.53 लाख ग्रामीण परिवारों के पास नल जल कनेक्शन होने की सूचना थी। तब से, 60.64 लाख और ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। इस प्रकार, 25.11.2024 तक, 111.79 लाख ग्रामीण परिवारों में से, राज्य में 74.17 लाख (66.34%) परिवारों को नल जल आपूर्ति का प्रावधान किया गया है। इसी प्रकार, मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में 1.05 लाख और परिवारों को नल जल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं तथा जिले में अब 2.22 लाख ग्रामीण परिवारों में से 1.38 लाख (62.36%) से अधिक परिवारों को उनके घरों में नल जल आपूर्ति प्राप्त हो रही है।

*****

**अनुबंध**

**दिनांक 28.11.2024 को उत्तर हेतु लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 606 के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**ग्रामीण परिवारों को नल जल कनेक्शन की वर्ष-वार और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति**

(25.11.2024 की स्थिति के अनुसार)

(संख्या लाख में)

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आदिनांक कुल ग्रामीण परिवार | 15.08.2019 को नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | ग्रामीण परिवार को दिए गए नल जल कनेक्शन | | | | | | | | नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % में | 19-20 | 20-21 | 21-22 | 22-23 | 23-24 | 24-25 | कुल | % में | संख्या | % में |
| 1. | अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह | 0.62 | 0.29 | 46.02 | - | 0.33 | - | - | - | - | 0.33 | 53.98 | 0.62 | 100.00 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 2.29 | 0.23 | 9.97 | 0.13 | 0.65 | 0.42 | 0.34 | 0.52 | - | 2.06 | 90.03 | 2.29 | 100.00 |
| 3. | दादरा एवं नगर हवेली और दमण व दीव | 0.85 | 0.00 | 0.00 | - | 0.25 | 0.61 | - | - | - | 0.85 | 100.00 | 0.85 | 100.00 |
| 4. | गोवा | 2.64 | 1.99 | 75.44 | 0.31 | 0.34 | - | - | - | - | 0.65 | 24.56 | 2.64 | 100.00 |
| 5. | गुजरात | 91.18 | 65.16 | 71.46 | 1.06 | 10.95 | 8.99 | 5.03 | - | - | 26.02 | 28.54 | 91.18 | 100.00 |
| 6. | हरियाणा | 30.41 | 17.66 | 58.08 | 1.35 | 7.91 | 3.49 | - | - | - | 12.75 | 41.92 | 30.41 | 100.00 |
| 7. | हिमाचल प्रदेश | 17.09 | 7.63 | 44.64 | 1.59 | 3.79 | 2.87 | 0.93 | 0.29 | - | 9.46 | 55.36 | 17.09 | 100.00 |
| 8. | मिजोरम | 1.33 | 0.09 | 6.91 | 0.16 | 0.34 | 0.21 | 0.30 | 0.22 | - | 1.24 | 93.09 | 1.33 | 100.00 |
| 9. | पुदुचेरी | 1.15 | 0.94 | 81.33 | 0.06 | 0.08 | 0.07 | 0.00 | - | - | 0.21 | 18.67 | 1.15 | 100.00 |
| 10. | पंजाब | 34.27 | 16.79 | 48.98 | 0.76 | 8.18 | 8.40 | 0.05 | 0.00 | 0.09 | 17.48 | 51.02 | 34.27 | 100.00 |
| 11. | तेलंगाना | 53.98 | 15.68 | 29.05 | 20.18 | 18.12 | - | - | - | - | 38.30 | 70.95 | 53.98 | 100.00 |
| 12. | बिहार | 166.92 | 3.16 | 1.90 | 28.97 | 103.46 | 19.86 | 3.63 | 1.27 | 0.01 | 157.19 | 94.17 | 160.36 | 96.07 |
| 13. | उत्तराखंड | 14.51 | 1.30 | 8.98 | 0.87 | 4.32 | 2.75 | 2.15 | 2.25 | 0.41 | 12.75 | 87.85 | 14.05 | 96.83 |

| क्र. सं. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | आदिनांक कुल ग्रामीण परिवार | 15.08.2019 को नल जल कनेक्शन वाले ग्रामीण परिवार | | ग्रामीण परिवार को दिए गए नल जल कनेक्शन | | | | | | | | नल जल आपूर्ति वाले ग्रामीण परिवार | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | संख्या | % में | 19-20 | 20-21 | 21-22 | 22-23 | 23-24 | 24-25 | कुल | % में | संख्या | % में |
| 14. | लद्दाख | 0.41 | 0.01 | 3.48 | 0.01 | 0.02 | 0.09 | 0.18 | 0.07 | 0.01 | 0.38 | 92.41 | 0.39 | 95.89 |
| 15. | नागालैंड | 3.64 | 0.14 | 3.82 | 0.02 | 0.48 | 0.92 | 0.87 | 0.75 | 0.18 | 3.22 | 88.61 | 3.36 | 92.42 |
| 16. | लक्षद्वीप | 0.13 | - | 0.00 | - | - | - | - | 0.11 | 0.01 | 0.12 | 91.17 | 0.12 | 91.17 |
| 17. | सिक्किम | 1.33 | 0.70 | 52.96 | - | 0.10 | 0.08 | 0.19 | 0.10 | 0.03 | 0.50 | 37.70 | 1.20 | 90.66 |
| 18. | महाराष्ट्र | 146.79 | 48.44 | 33.00 | 5.45 | 37.09 | 10.66 | 8.22 | 15.17 | 3.14 | 79.72 | 54.31 | 128.16 | 87.31 |
| 19. | तमिलनाडु | 125.29 | 21.76 | 17.37 | 0.17 | 16.13 | 14.90 | 26.52 | 23.05 | 7.39 | 88.16 | 70.37 | 109.92 | 87.74 |
| 20. | उत्तर प्रदेश | 266.71 | 5.16 | 1.94 | 4.66 | 19.16 | 5.81 | 59.88 | 120.51 | 14.34 | 224.35 | 84.12 | 229.52 | 86.06 |
| 21. | त्रिपुरा | 7.50 | 0.25 | 3.27 | 0.46 | 1.42 | 1.65 | 0.81 | 1.32 | 0.40 | 6.07 | 80.86 | 6.31 | 84.13 |
| 22. | जम्मू एवं कश्मीर | 19.24 | 5.75 | 29.92 | 2.07 | 2.16 | 0.58 | 0.40 | 3.47 | 1.08 | 9.76 | 50.76 | 15.52 | 80.67 |
| 23. | असम | 71.94 | 1.11 | 1.55 | 0.49 | 5.07 | 16.52 | 8.75 | 22.95 | 3.62 | 57.41 | 79.80 | 58.52 | 81.35 |
| 24. | मेघालय | 6.51 | 0.05 | 0.70 | 0.02 | 0.87 | 1.34 | 0.80 | 1.91 | 0.31 | 5.25 | 80.66 | 5.30 | 81.36 |
| 25. | मणिपुर | 4.52 | 0.26 | 5.74 | 0.04 | 1.96 | 0.70 | 0.49 | 0.08 | 0.06 | 3.34 | 73.85 | 3.59 | 79.58 |
| 26. | छत्तीसगढ़ | 50.04 | 3.20 | 6.39 | 0.96 | 1.51 | 4.45 | 10.81 | 18.05 | 0.79 | 36.56 | 73.06 | 39.76 | 79.45 |
| 27. | कर्नाटक | 101.29 | 24.51 | 24.20 | 0.21 | 3.43 | 18.70 | 20.57 | 9.23 | 5.62 | 57.77 | 57.03 | 82.28 | 81.23 |
| 28. | ओडिशा | 88.67 | 3.11 | 3.51 | 4.37 | 15.47 | 17.47 | 12.22 | 12.06 | 2.38 | 63.98 | 72.15 | 67.09 | 75.66 |
| 29. | आंध्र प्रदेश | 95.53 | 30.74 | 32.18 | 1.19 | 12.77 | 9.59 | 11.88 | 3.86 | 0.22 | 39.52 | 41.36 | 70.26 | 73.55 |
| 30. | मध्य प्रदेश | 111.79 | 13.53 | 12.10 | 4.19 | 19.87 | 10.89 | 8.91 | 11.30 | 5.47 | 60.64 | 54.24 | 74.17 | 66.34 |
| 31. | झारखंड | 62.54 | 3.45 | 5.52 | 0.95 | 3.00 | 4.19 | 8.77 | 11.93 | 1.85 | 30.68 | 49.05 | 34.13 | 54.57 |
| 32. | केरल | 70.82 | 16.64 | 23.50 | 0.85 | 4.04 | 6.64 | 5.29 | 3.67 | 1.11 | 21.62 | 30.52 | 38.26 | 54.02 |
| 33. | राजस्थान | 107.30 | 11.74 | 10.94 | 1.02 | 6.81 | 5.38 | 13.88 | 12.18 | 7.54 | 46.81 | 43.63 | 58.55 | 54.57 |
| 34. | पश्चिम बंगाल | 175.25 | 2.15 | 1.22 | 0.05 | 12.48 | 23.31 | 20.77 | 22.92 | 11.97 | 91.49 | 52.21 | 93.63 | 53.43 |
| | **कुल** | **19,34.47** | **323.63** | **16.73** | **82.62** | **3,22.62** | **2,01.34** | **2,32.75** | **2,99.26** | **68.04** | **12,06.63** | **62.38** | **15,30.26** | **79.11** |

स्रोत: जेजेएम-आईएमआईएस एचएच: परिवार